# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांक:293/भण्डार/2024 भोपाल, दिनांक: 08/11/2024

## फोटोग्राफी एवं विडियोंग्राफी कार्य हेतु प्रथम ई–निविदा वर्ष : 2024

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों हेतु "**फोटोग्राफी एवं विडियोंग्राफी कार्य हेतु प्रथम ई–निविदा वर्ष : 2024**" ऑन–लाईन ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र, शर्ते एवं विस्तृत जानकारी तथा निविदा में भाग लेने हेतु म.प्र.शासन की वेबसाईट **https://mptenders.gov.in** पर लॉग–ऑन करें।

निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 1,000=00 (एक हजार मात्र) तथा सुरक्षा निधि रू. 15,000=00 (पंद्रह हजार रूपये मात्र) है। इन्हें ऑन–लाईन जमा किया जाना है।

निविदा का अनुमानित मूल्य रूपये 5,00,000=00 (पॉच लाख रूपये मात्र) है। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेबसाईट पर दी जाएगी। निविदा जमा एवं खोलने संबंधी विवरण निम्नानुसार है:–

| स.क्र. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | Published Date | 08/11/2024 | निविदा ऑन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट **https://mptenders.gov.in** |
| 02 | Document Download/Start Date | 08/11/2024 | |
| 03 | Bid Submission Start Date | 08/11/2024 | |
| 04 | Document Download/Sale End Date | 29/11/2024 | |
| 05 | Bid Submission End Date | 29/11/2024 | |
| 06 | Bid Opening Date | 02/12/2024 | |

निविदा संबंधी सामान्य जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट WWW. Bubhopal.ac.in पर भी अवलोकनार्थ उपलब्ध है।

कुलसचिव

(हस्ता.)

## भाग– 1
## निविदा आवेदन एवं प्रक्रिया संबंधी जानकारी

1.1 निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://mptenders.gov.in से डाउनलोड करें। निविदा संबंधी सामान्य जानकारी बरकतउल्ला विश्वविद्यालय,भोपाल की वेब–साईट www.bubhopal.ac.in पर भी अवलोकनार्थ उपलब्ध है।

1.2 यह निविदा बरकतउल्ला विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित युवा उत्सव, दीक्षांत समारोह, सेमीनार, कान्फ्रेन्स, खेल प्रतियोगिताओं, पी.–एच.डी. वायवा, यू.टी.डी. की परिक्षाओं आदि में फोटोग्राफी एवं विडियोग्राफी कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जा रही है।

1.3 फोटोग्राफी एवं विडियोग्राफी कार्य की निविदा को वेब–साईट https://mptenders.gov.in पर ऑन–लाईन पद्धति से प्रस्तुत किया जाना हैं। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेब–साईट पर दी जावेगी। निविदा का अनुमानित मुल्य रू. 5,00,000–00 ( पॉच लाख रूपये मात्र) हैं:–

1.4 निविदा ऑन–लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का विवरण निम्नानुसार है:–

| स.क्र. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | Published Date | 08/11/2024 | निविदा ऑन–लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेब–साईट **https://mptenders.gov.in** पर भी दर्शित है। |
| 02 | Document Download/Start Date | 08/11/2024 | |
| 03 | Bid Submission Start Date | 08/11/2024 | |
| 04 | Document Download/Sale End Date | 29/11/2024 | |
| 05 | Bid Submission End Date | 29/11/2024 | |
| 06 | Bid Opening Date | 02/12/2024 | |

1.5 यदि अपरिहार्य कारणों से निर्धारित दिनांक को निविदाएं खोली नहीं जा सकती है तो निविदाएं आगामी कार्यदिवस पर उन्हें खोला जायेगा।

**प्रक्रिया–1:** निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 1,000/– (एक हजार रूपये मात्र) है। सुरक्षा निधि रूपये 15,000/–(पंद्रह हजार रूपये मात्र) हैं। यह राशि ऑन–लाईन जमा किया जाना हैं। जमा की गई दोनों रसीदों को निविदा के साथ अपलोड करना हैं।

**प्रक्रिया–2:** तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया 1 में योग्य पायी जाने वाली फर्मो की ही तकनीकी निविदा देखी जावेगी। तकनीकी निविदा के भाग–2 में दर्शित दस्तावेज फर्म की सील एवं हस्ताक्षरित दस्तावेज स्केन पर अपलोड किए जाने है।

**प्रक्रिया–3:** तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया 2 मे योग्य पाई लाने वाली फर्मो की ही वित्तीय निविदा खोली जावेगी। वित्तीय निविदा ऑन–लाईन प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है।

## भाग– 2
## निविदा की अर्हकारी शर्ते

2.1 फर्म द्वारा पिछले पॉच (2019–20, 2020–21, 2021–22, 2022–23, 2023–24) में से किन्ही तीन वित्तीय वर्षो में मान्यता प्राप्त संस्था हेतु फोटोग्राफी एवं विडियोग्राफी का कार्य किया हो। संबंधित संस्था का कार्य आदेश/प्रमाण पत्र की छाया प्रति प्रमाण स्वरूप अपलोड करें।

2.2 निविदाकर्ता फर्म का पिछले पॉच (2019–20, 2020–21, 2021–22, 2022–23, 2023–24) वर्षो में से किन्ही तीन वित्तीय वर्षो में न्यूनतम रू. 15–00 लाख प्रतिवर्ष का टर्न ओवर का होना अनिवार्य हैं। फर्म के टर्न ओवर की चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट से हस्ताक्षरित प्रमाणित छाया प्रतिलिपि संलग्न करें।

2.3 निविदाकर्ता फर्म किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थाओं से कभी भी ब्लेक लिस्टेड नहीं होना चाहिए। इस बावत निविदाकर्ता फर्म को मूल शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है, तथा शपथ पत्र में सभी निर्धारित शर्तो का पालन निविदाकर्ता द्वारा किया गया है के संबंध में भी उल्लेख होना चाहिए। शपथ पत्र रू0 500–00 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा विधिवत सत्यापित होगा। (शपथ पत्र का प्रारूप संलग्न हैं।)

2.4 निविदा के साथ निम्नांकित दस्तावेजों की स्केन प्रति जिस पर फर्म के सील सहित हस्ताक्षर होने चाहिए निविदा के साथ अपलोड करें:–
(क) जी0एस0टी0 प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें।
(ख) आयकर (PAN CARD) कार्ड की छाया प्रति संलग्न करें।
(ग) संस्था/फर्म/कंपनी का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें।

2.5 निविदाकर्ता को फोटाग्राफी एवं विडियोग्राफी निर्माता कंपनी/अधिकृत डीलर होने का प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है।

2.6 आयकर के पिछले तीन (2021–22, 2022–23, 2023–24) ऐसेसमेन्ट वर्ष के रिटर्न की छाया प्रति संलग्न करें।

2.7 निविदा केवल निर्धारित प्रपत्र में ही स्वीकार की जावेगी। प्रपत्र का मूल्य रूपये 1,000–00 वापसी नहीं है।

2.8 निविदा प्रपत्र एवं संलग्न प्रपत्रों के प्रत्येक पृष्ट पर निविदाकर्ता द्वारा फर्म की मोहर लगाकर हस्ताक्षर करें। **किसी भी प्रपत्र पर फर्म की मोहर एवं हस्ताक्षर न होने पर उसे संलग्न न किया माना जावेगा।**

**2.9 निविदा के साथ ऑन–लाईन जमा किए जाने वाले समस्त प्रपत्रों की चैक लिस्ट की सूची निविदा के कमांक अनुसार पेज नम्बर सहित अनिवार्य रूप से संलग्न करें। अनावश्यक प्रपत्र संलग्न एवं आवश्यक प्रपत्र संलग्न न करने पर निविदा निरस्त की जा सकती है।**

## भाग–3
## निविदा की अन्य शर्ते

3.1 सफल निविदाकर्ता को विश्वविद्यालय के साथ एक अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर करना होगा। अनुबंध के पूर्व निविदा में प्रस्तुत दस्तावेजों का सत्यापन किया जावेगा। यदि फर्म द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में कोई विसंगति अथवा जानकारी असत्य पाई जाती है तो निविदा को निरस्त करने एवं सुरक्षा निधि/बैंक गारंटी/डी.डी जब्त करते हुए ब्लैक लिस्ट करने का अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित होगा।

3.2 निविदा में सफल फर्म को निविदा के कुल मूल्य की 03 प्रतिशत बैंक गारंटी/डी.डी. भोपाल जिला मुख्यालय में स्थित राष्ट्रीयकृत बैंक की शाखा से तैयार कर विश्वविद्यालय में अनुबंध के साथ जमा करना होगा। डी.डी/बैंक गारंटी का बैंक से सत्यापन प्राप्त होने के बाद फर्म की सुरक्षा निधि वापस कर दी जावेगी।

3.3 पात्र पाई गई संस्था से प्रथमतः एक वर्ष के लिए अनुबंध किया जाएगा।

3.4 फोटोग्राफी एवं विडियोंग्राफी संबंधी का प्रदाय सन्तोषजनक न होने या सफल निविदाकर्ता द्वारा शर्तों का पालन नही करने की स्थिति में सफल निविदाकर्ता का कार्य आदेश बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा किसी भी समय बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त किया जा सकता है एवं धरोहर राशि जब्त की जावेगी। इसमें जो भी आर्थिक हानि होगी उसकी वसूली स्वीकृत निविदाकर्ता से की जावेगी। ऐसी परिस्थिति में भुगतान से कटौती का अधिकार कुलगुरू, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के विवेकाधिकार पर सुरक्षित रहेगा।

3.5 दोनों पक्षों में से यदि कोई भी पक्ष निविदा समाप्त करना चाहता है तो उसे न्यूनतम 03 माह की पूर्व सूचना देना अनिवार्य है।

3.6 निविदाकर्ता फर्म द्वारा प्रदाय किए जाने वाले फोटोग्राफी एवं विडियोंग्राफी सामग्री अच्छी स्थिति में साफ सुथरी एवं उत्तम क्वालिटी की होनी चाहिए।

3.7 फर्म का बैठक/कार्यक्रम प्रारम्भ होने के आधा घण्टा पहले उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

3.8 फोटोग्राफी एवं विडियोंग्राफी करने के तुरन्त बाद डाटा विश्वविद्यालय को प्रदान करना होगा। अगले दिन डी.व्ही. डी. (नॉन एडिटेबल) विश्वविद्यालय में जमा करना होगी।

3.9 विडियोंग्राफी मे अवधि एक घण्टे से अधिक होने पर प्रति अतिरिक्त 15 मिनिट को एक यूनिट माना जावेगा।

3.10 एल.ई.डी. स्क्रीन प्रतिदिन (12 घण्टे) की दर न्यूनतम मान्य की जावेगी।

3.11 फोटोग्राफी एवं विडियोंग्राफी कार्य प्रदाय में त्रुटिपूर्ण प्रदाय या विलम्ब से सामग्री प्रदाय करने पर निम्नानुसार दण्ड अधिरोपित किया जा सकेगा:

(क) त्रुटि :– प्रति त्रुटि पर प्रति यूनिट की दर का 50 प्रतिशत होगा।

(ख) विलम्ब– देयक की कुल राशि का 0.5 प्रतिशत प्रति सप्ताह रहेगा।

(दण्ड अधिरोपित करने का निर्णय कुलगुरूजी के विवेकाधीन होगा।)

3.12 निविदाकर्ता द्वारा वित्तीय निविदा में फोटोग्राफी एवं विडियोंग्राफी कार्य संबंधी की वित्तीय दर समान होने पर जिस निविदाकर्ता का टर्न ओवर अधिक होगा विश्वविद्यालय द्वारा उस निविदाकर्ता फर्म का चयन किया जावेगा। इस संबंध में किसी का दावा/आपत्ति मान्य नही होगी।

3.13 फोटोग्राफी एवं विडियोंग्राफी कार्य की दरें F.O.R. बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल अथवां विश्वविद्यालय द्वारा बताए गए स्थान पर होगी।

3.14 दरें कर रहित (Without tax) होगी। यदि कर लागू हो तो उसका अलग से कर की दर सहित उल्लेख करें। इसकी जानकारी वित्तीय निविदा प्रपत्र में देवें।

3.15 जिन फर्मो की निविदा मान्य नही होगी, उनकी सुरक्षा निधि नियमानुसार लौटा दी जावेगी।

3.16 स्वीकृत/अस्वीकृत निविदा के साथ जमा की गई धरोहर राशि पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।

3.17 निविदा पूर्ण या आंशिक रूप से स्वीकृत/अस्वीकृत करने तथा किसी भी स्तर पर सकारण निरस्त करने का पूर्ण अधिकार बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, के पास सुरक्षित रहेगा।

3.18 निविदाकर्ता द्वारा गोपनीयता का पालन करना होगा।

3.19 निविदा प्रक्रिया में संबंध में किसी भी प्रकार की व्याख्या (Interpretation) का प्रश्न उपस्थित होने पर कुलगुरु, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल का निर्णय अंतिम होगा।

3.20 फोटोग्राफी एवं विडियोंग्राफी कार्य के लिए जी.एस.टी. का भुगतान विश्वविद्यालय द्वारा निविदाकर्ता को किया जावेगा तथा फर्म के देयक से टी.डी.एस. की कटौती की जावेगी।

3.20 निविदा विषयक विवाद में अंतिम निर्णय कुलगुरू बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल का होगा।

3.21 न्यायालयीन विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय होगा।

**निम्नांनुसार दस्तावेजों फर्म की सील एवं हस्ताक्षर सहित नंबरिंग करने के उपरांत स्केन कॉपी अपलोड की जाना हैं।**

| स.क्र. | विवरण | संलग्न जानकारी का विवरण | फर्म द्वारा प्रस्तुत निविदा के दस्तावेजों का पृष्ठ क. |
|---|---|---|---|
| 01 | निविदा प्रपत्र के मूल्य रूपये 1,000--00(रू. एक हजार मात्र) ऑन लाईन जमा रसीद। | Bank/UTR No.<br>Dt:- | |
| 02 | सुरक्षा निधि की राशि रूपये 15,000--00 (रू. पद्रह हजार मात्र) ऑल--लाईन जमा की रसीद | Bank/UTR No.<br>Dt:- | |
| 03 | फर्म द्वारा पिछले पॉच (2019--20, 2020--21, 2021--22, 2022--23, 2023--24) में से किन्ही तीन वित्तीय वर्षो में मान्यता प्राप्त संस्था हेतु फोटोग्राफी एवं विडियोग्राफी का कार्य किया हो। संबंधित संस्था का कार्य आदेश/प्रमाण पत्र की छाया प्रति प्रमाण स्वरूप अपलोड करें। | | |
| 04 | निविदाकर्ता फर्म का पिछले पॉच (2019--20, 2020--21, 2021--22, 2022--23, 2023--24) वर्षो में से किन्ही तीन वित्तीय वर्षों में न्यूनतम रू. 15--00 लाख प्रतिवर्ष का टर्न ओवर का होना अनिवार्य है। फर्म के टर्न ओवर की चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट से हस्ताक्षरित प्रमाणित छाया प्रतिलिपि संलग्न करें। | | |
| 05 | निविदाकर्ता फर्म किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थाओं से कभी भी ब्लेक लिस्टेड नहीं होना चाहिए। इस बाबत निविदाकर्ता फर्म को मूल शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है, तथा शपथ पत्र में सभी निर्धारित शर्तों का पालन निविदाकर्ता द्वारा किया गया है के संबंध में भी उल्लेख होना चाहिए। शपथ पत्र रू0 500--00 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा विधिवत सत्यापित होगा। (शपथ पत्र का प्रारूप संलग्न है।) | | |
| 06 | जी0एस0टी0 प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें। | जी.एस.टी. नम्बर-- | |
| 07 | PAN CARD (आयकर) नंबर की छाया प्रति संलग्न करें। | | |
| 08 | संस्था/फर्म/कंपनी का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें। | | |
| 09 | आयकर के पिछले तीन (2021--22, 2022--23, 2023--24) ऐसेसमेन्ट वर्ष के रिटर्न की छाया प्रति संलग्न करें। | | |
| 10 | निविदाकर्ता को फोटोग्राफी एवं विडियोग्राफी निर्माता कंपनी/अधिकृत डीलर होने का प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है। | | |
| 11 | प्रपत्र ए--1 | | |

## भाग–4
## फोटोग्राफी एवं विडियाग्राफी के स्पेसिफिकेशन

01 विडियो कैमरा एच.डी. क्वालिटी – दर प्रति कैमरा जिनसे विडियोग्रफी + ओडियोग्रफी कराई जाना है। उक्त दरें मय डी.व्ही.डी. के साथ प्रस्तुत की जावे।

02 फोटोग्राफी की दरें मय डी.व्ही.डी. के डिजिटल क्वालिटी का कैमरा होगा
- फोटोग्राफ साईज 5"x 7"
- फोटोग्राफ साईज 6"x 8"
- फोटोग्राफ साईज 8"x 12"
- फोटोग्राफ साईज 12"x 16"
- फोटोग्राफ साईज 16"x 20"
- फोटोग्राफ साईज 20"x 24"
- फोटोग्राफ साईज 24"x 36"

03. प्रति एलबम की दर

04. फोटो इनलार्जमेन्ट विथ फ्रेमिंग
- फोटो साईज इनलार्जमेन्ट 8" x 12"
- फोटो साईज इनलार्जमेन्ट 12" x 16"
- फोटो साईज इनलार्जमेन्ट 16" x 20"

05. ड्रोन कैमरा की दर प्रति घण्टा मय डी.व्ही.डी. के

06. प्रति डी.व्ही.डी. की दर (उक्त विडियोग्राफी + आडियोग्राफी + फोटोग्राफी की अतिरिक्त डी.व्ही.डी. बनाए जाने पर)

07. एल.ई.डी. स्क्रीन की दर
- एल.ई.डी. स्क्रीन P-6 प्रति स्कायर फीट
- एल.ई.डी. स्क्रीन P-5 प्रति स्कायर फीट
- एल.ई.डी. स्क्रीन P-4 प्रति स्कायर फीट
- प्रोजेक्टर की दर प्रति दिन

**प्रपत्र ए – 1**
**(निविदा प्रपत्र)**

प्रति,

कुलसचिव
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

विषय– **फोटोग्राफी एवं विडियोंग्राफी का कार्य हेतु प्रथम ई– निविदा वर्ष 2024 बाबत्।**

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तार्गत निवेदन है कि हमारी संस्था की जानकारी निम्नानुसार है:–

| स.क्र. | विवरण | |
|---|---|---|
| 01 | फर्म का नाम | |
| 02 | पत्र व्यवहार का पता | |
| 03 | फर्म के प्रतिनिधि का नाम | |
| 04 | पदनाम | |
| 05 | दूरभाष नम्बर (मोबाईल एवं लेंडलाईन) | |
| 06 | ई–मेल | |

**प्रमाण – पत्र**

प्रमाणित किया जाता है कि निविदा के भाग "1", "2", "3", "4", "5", "6" दर्शित शर्तो के अनुसार **फोटोग्राफी एवं विडियोंग्राफी का कार्य हेतु निविदा वर्ष–2024** का कार्य पूर्णतः करने को अपनी सहमति प्रदान करता हूँ।

फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील

**शपथ पत्र**
**रू0 500–00 के स्टाम्प पेपर पर**
**नोटरी से सत्यापित**

मैं------------------------------------द्वारा प्रोप्राइटर मेसर्स------------------------------------ निम्नलिखित कथन शपथ लेकर कहता हूँ कि:–

(1) यह कि फर्म को किसी भी शासकीय संस्था/अर्द्धशासकीय संस्था/अशासकीय उपक्रम से कभी भी ब्लैकलिस्टेड नहीं किया गया हैं।

(2) यह कि फर्म निविदा में दी गई सभी शर्तो को पूर्ण करती है।

(3) यह कि फर्म का " फोटोग्राफी एवं विडियोंग्राफी संबंधी कोई भी कानूनी विवाद में न्यायालय द्वारा दण्डित नहीं किया गया है।

(4) यह कि फर्म को किसी शासकीय संस्था/अर्द्धशासकीय संस्था/अशासकीय उपक्रम/बैंक से दिवालिया घोषित नहीं किया गया है।

(5) फर्म की विरूद्ध किसी भी थाने मे कोई भी अपराधीक प्रकरण पंजीकृत नही है।

(6) यह कि निविदा में प्रस्तुत अथवा शपथ पत्र में पाई गई जानकारी असत्य पाये जाने पर मेरी निविदा को निरस्त करने तथा सुरक्षा निधि जब्त करने का अधिकार बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल को होगा।।

शपथग्रहिता

## सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथग्रहिता सत्यापित करता हूँ कि मेरे द्वारा निष्पादित उक्त शपथ पत्र के बिन्दु (1) से (6) में वर्णित कथन मेरे निजी ज्ञान व विश्वास अनुसार पूर्ण सत्य हैं।

शपथग्रहिता

## फोटोग्राफी एवं विडियोंग्राफी कार्य हेतु ई–निविदा वर्ष : 2024

### भाग–4

### (वित्तीय निविदा)

| | |
|---|---|
| फर्म का नाम | |

| स.क्र. | विवरण | दरें प्रति घण्टा/प्रति नग रूपये में) |
|---|---|---|
| 01 | विडियों कैमरा एच.डी. क्वालिटी – दर प्रति कैमरा जिनसे विडियोग्रफी + ओडियोग्राफी कराई जाना है। उक्त दरें मय डी.व्ही.डी. के साथ प्रस्तुत की जावें। | |
| 02 | फोटोग्राफी की दरें मय डी.व्ही.डी. के डिजिटल क्वालिटी का कैमरा होगा | |
| | फोटोग्राफ साईज 5"x 7" | |
| | फोटोग्राफ साईज 6"x 8" | |
| | फोटोग्राफ साईज 8"x 12" | |
| | फोटोग्राफ साईज 12"x 16" | |
| | फोटोग्राफ साईज 16"x 20" | |
| | फोटोग्राफ साईज 20"x 24" | |
| | फोटोग्राफ साईज 24"x 36" | |
| 03 | प्रति एलबम की दर | |
| 04 | फोटो इनलार्जमेन्ट विथ फ्रेमिंग | |
| | फोटो साईज इनलार्जमेन्ट 8" x 12" | |
| | फोटो साईज इनलार्जमेन्ट 12" x 16" | |
| | फोटो साईज इनलार्जमेन्ट 16" x 20" | |
| 05 | ड्रोन कैमरा की दर प्रति घण्टा मय डी.व्ही.डी. के | |
| 06 | प्रति डी.व्ही.डी. की दर (उक्त विडियोग्राफी + आडियोग्राफी + फोटोग्राफी की अतिरिक्त डी.व्ही.डी. बनाए जाने पर) | |
| [illegible] | एल.ई.डी. स्क्रीन की दर | |
| | एल.ई.डी. स्क्रीन P-6 प्रति स्कायर फीट | न्यूनतम (10 घण्टा) प्रतिदिन की दर से (रूपय में) |
| | एल.ई.डी. स्क्रीन P-5 प्रति स्कायर फीट | |
| | एल.ई.डी. स्क्रीन P-4 प्रति स्कायर फीट | |
| | प्रोजेक्टर की दर प्रति दिन | |

| | | |
|---|---|---|
| 01 | कर का नाम एवं दर : | |
| 02 | कर का नाम एवं दर : | |
| 03 | कर का नाम एवं दर : | |